जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ/प्रशा/स्था/2013/7677 दिनांक 04/12/13

//सूचना//

श्री मानीराम, माली (89 दिवस), वनस्पति अध्ययनशाला को सूचित किया जाता है। कि आप दिनांक 19.07.2013 से आज दिनांक तक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित हैं एवं पूर्व में भी आप दिनांक 18.01.2013 से 29.05.2013 तक बिना किसी पूर्व सूचना के विभाग से अनुपस्थित रहे हैं जिसके संबंध में विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक एफ/प्रशा/स्था/2013/7000 दिनांक 29.05.2013 को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसके परिप्रेक्ष में आप अनुपस्थिति का कारण स्वास्थ खराब होना दर्शाकर दिनांक 30.05.2013 को विभाग में उपस्थित हुये थे। परन्तु उपस्थिति आवेदन पत्र के साथ आप के द्वारा चिकित्सा प्रमाण–पत्र संलग्न नही किये गये थे। जिसके संबंध में आदेश क्रमांक :एफ/प्रशा/स्था/2013/7133 दिनांक 11.07.2013 एवं आदेश क्रमांक :एफ/प्रशा/स्था/2013/7298 दिनांक 27.08.2013 के द्वारा चेतावनी पत्र के माध्यम से सूचित किया गया था। परन्तु आपके द्वारा कोई प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके सन्दर्भ में आपको पुनः आदेश क्रमांक :एफ/प्रशा/स्था/2013/दिनांक 08.10.2013 को कारण बताओं सूचना पत्र दिया गया था जिसके अनुसार आपको अंतिम चेतावनी दी गयी थी, कि आप अपनी उपस्थिति विभाग में दर्ज करवायें ।

परन्तु आज दिनांक तक कोई उपस्थिति आपके द्वारा विभाग में दर्ज नहीं करवाई गई है। आपके आचरण एवं व्यवहार से ऐसा प्रतीत होता है। कि आपको कार्य करने में कोई रूचि नहीं हैं। तथा आप विश्वविद्यालय में कार्य करने के इच्छुक नहीं है।

अतः आपको इस सूचना के माध्यम से अवगत कराया जाता है। कि यदि आप इस सूचना के प्रकाशन के तीन दिवस के अन्दर आप अपने कार्य पर उपस्थित नहीं होते है तो विश्वविद्यालय द्वारा आपकी अस्थाई सेवा समाप्त की जावेगी, जिसकी पूर्ण जबावदारी स्वंय आपकी होगी।

कुलसचिव

E:\Rajesh\Latter Lakhan Sir